# गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा अभिभावक - शिक्षक मिलन कार्यक्रम का आयोजन

दिनांक - 4 अप्रैल 2021

आज दिनांक - 4 अप्रैल 2021 को गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा कॉलेज के भूदा कैंपस में अभिभावक - शिक्षक मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग में अध्ययनरत कुल 124 (62-62) की संख्या में विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो पी शेखर ने की । उन्होंने अपने सम्बोधन में कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति के साथ ही कॉलेज लाइब्रेरी, NSS, NCC, स्पोर्ट्स एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय सहभागिता को आवश्यक एवं महत्वपूर्ण बताया । इस कार्यक्रम में सम्मिलित अभिभावकों एवं छात्रों ने विभाग द्वारा उपलब्ध फीडबैक प्रपत्रों पर शैक्षणिक एवं छात्र हित सम्बंधित सुझाव दर्ज किये । विभागाध्यक्ष, डॉ मीना मालखंडी ने अतिथियों का स्वागत किया एवं अपने सम्बोधन में विभाग के द्वारा शैक्षणिक एवं अन्य क्रियाकलापों सम्बंधित विषयों पर नीतिगत जानकारी दी । उन्होंने विशेष तौर पर कहा कि बीते वर्ष Covid - 19 के कारण कक्षाओं का face to face संचालन बाधित होने के बावजूद विभाग की ओर से शैक्षणिक कक्षाएँ,आतंरिक परीक्षा एवं सम्बंधित गतिविधियों को ऑनलाइन माध्यम से निरंतर रूप से छात्रों एवं छात्राओं को सफलतापूर्वक उपलब्ध कराया गया एवं आश्वास्त किया कि विभाग द्वारा वर्तमान व भविष्य में भी ऐसी गतिविधियां बनी रहेगी । समारोह में उपस्थित अभिभावकों की ओर से विभाग के द्वारा किये गए इस कार्यक्रम को सराहा गया । धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ । इस अवसर पर कॉलेज के भूदा कैंपस के प्रो इंचार्ज -डॉ संजय प्रसाद,प्रो संतोष कुमार के साथ विभाग की ओर से डॉ नीता ओझा, प्रो बिशेश्वरी भट्टचार्जी ,प्रो नीतू कुमारी , प्रो नमिता कुमारी समेत अन्य विभाग के शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थें ।

उपरोक्त कार्यक्रम के आयोजन में वर्तमान COVID -19 गाइडलाइन्स का अक्षरशः पालन किया गया।

## तस्वीरें व मीडिया कवरेज

https://www.telegraphindia.com/jharkhand/dhanbad-college-opts-for-parent-teacher-meet/cid/1811528

Tuesday, 06 April 2021 • E-paper

The Telegraph online



# Dhanbad College opts for parent teacher meet

Guardians of 125 students not just interacted with the faculty members but also gave feedback on college infrastructure and facilities




P Shekhar, Principal Guru Nanak College, Dhanbad addressing the parents and students
Gautam Dey

Praduman Choubey | Dhanbad | Published 04.04.21, 07:58 PM

Taking cue from parent-teacher meeting held in schools Dhanbad's Guru Nanak College, a minority institute affiliated to Binod Bihari Mahto Koylanchal University (BBMKU) organized a parent-teacher meeting (PTM) during which parents of 125 students participated, today. Around 62 students were from the History department of the college and 63 from the Political Science department.

College principal, Purnendu Shekhar along with five different teachers from the above mentioned department were present for the meeting. They took feedback from both the students and parent regarding teaching, extra-curricular activities as well the infrastructure facilities of the college. They also apprised them about the institute's plan to augment the infrastructure facilities and improving the academic activities etc.

Talking to The Telegraph Online today Shekhar, said, "We have been organizing such meetings on a regular basis since 2019. Just ahead of the lockdown, we had conducted a PTM, last year."

"After the campus reopening this year, we have started PTM and subject wise PTM for Computer Science, Economics etc have already been conducted. Today during the first session we engaged with 62 students pursuing their undergraduate degree in History, the second session was for 63 students from the Political Science department," he said. According to him similar meetings will be held with parents of students pursing degrees in English, Commerce and Psychology on April 11.

"Such kind of interactions are best way of improving the academic as well as infrastructural facilities of the campus, we are keen on continuing this practice. In fact, we have carried out a lot of improvement based on feedbacks received during the PTMs. Betting our library facilities and having it turned into a digital library was on the basis of some feedback that we got," said Shekhar.

Sunil Kumar, a government school teacher of Putki was present for the meeting along with her daughter Sushila Kishore, a semester 1 student of BA (History Honours). He said, "The meeting was quite informative as we came to know about the way of teaching and also received information about the performance of our wards."

"We suggested the teachers and principal of college present during the meeting to organize excursion trip for the History students to the nearby historical places in order to increase the interest of the students in the subject," added Kumar.

Uzma Kayenat, a student of semester I of BA (History Honours) who attended the PTM along with her mother Sazda Khatoon said, "This has helped our parents connect with our educational pursuit in a better manner. Having them involved in the process will only help us get better support from our family members too."

# जीएन कॉलेज में पैरेंट्स टीचर मीट

धनबाद | प्रमुख संवाददाता

जीएन कॉलेज के भूदा कैंपस में पैरेंट्स टीचर मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इतिहास विभाग के 124 छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों ने इसमें हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य पी शेखर ने की। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें नियमित कॉलेज आने के साथ-साथ लाइब्रेरी, स्पोर्ट्स और सांस्कृतिक गतिविधियों में शामिल होने की अपील की। कार्यक्रम में अभिभावकों के फीडबैक को भी ध्यान से सुना गया।




जीएन कॉलेज में पैरेंट्स टीचर मीट को संबोधित करते प्राचार्य पी शेखर।

इस अवसर पर प्रो संतोष कुमार, प्रो अभिषेक सिन्हा, प्रो सरिता, प्रो करुणा कुमारी थी।

**राजनीतिक विज्ञान विभाग ने किया पैरेंट्स टीचर मीटः** जीएन कॉलेज के राजनीतिक विज्ञान विभाग ने पैरेंट्स टीचर मीट का आयोजन किया। विभागध्यक्ष डॉ मीना मानखंडी ने अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर कैंपस इंचार्ज प्रो संजय प्रसाद, प्रो संतोष कुमार, प्रो विश्वेश्वर भट्टाचार्या मौजूद थे।

Prabhat Khabar

# ‘पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियां भी जरूरी’

- गुरुनानक कॉलेज मे अभिभावक -शिक्षक मिलन का आयोजन

**उप मुख्य संवाददाता, धनबाद**

गुरुनानक कॉलेज धनबाद भूदा कैंपस में रविवार को राजनीति विज्ञान व इतिहास विभाग की ओर से अभिभावक -शिक्षक मिलन का आयोजन किया गया. अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. पी शेखर ने की. उन्होंने कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति के साथ कॉलेज में लाइब्रेरी, एनएसएस, एनसीसी व सांस्कृतिक गतिविधियों को आवश्यक बताया. बताया कि कोविड-19 के कारण कक्षाओं का फेस टू फेस संचालन बाधित होने के बावजूद विभाग की ओर से शैक्षणिक कक्षाएं, आंतरिक परीक्षा एवं अन्य गतिविधियां ऑन लाइन माध्यम से निरंतर रूप से सफलता पूर्वक संचालित है. प्रो. इंचार्ज डॉ संजय प्रसाद, प्रो. संतोष कुमार के साथ विभाग की ओर से डॉ नीता ओझा, प्रो. विंदेश्वरी भट्टाचार्जी, प्रो.नीतू कुमारी, प्रो. नमिता कुमारी, समेत अन्य विभाग के शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मी के अलावा विद्यार्थी व अभिभावक उपस्थित थे.



कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि व मौजूद अभिभावक और विद्यार्थी.

Dainik Jagran

# सांस्कृतिक गतिविधि में शामिल हों छात्र : शेखर



गुरुनानक कॉलेज में अभिभावक-शिक्षक मीटिंग में मौजूद विद्यार्थी व अभिभावक • जागरण

**जागरण संवाददाता, धनबाद :** गुरुनानक कॉलेज के भूदा कैंपस में रविवार को राजनीतिक विज्ञान एवं इतिहास विभाग की ओर से अलग-अलग अभिभावक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया।

आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. पी शेखर ने कहा कि छात्र जीवन में यह जरुरी है कि शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ विद्यार्थी सांस्कृतिक एवं कॉलेज की ओर से आयोजित होने वाले अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल हों। उन्होंने कहा कि इससे छात्रों का विकास होता है। प्रो. शेखर ने बताया कि कॉलेज समय-समय पर सभी प्रकार के आयोजन छात्र-छात्राओं के लिए कराती है। उन्होंने कॉलेज एवं संचालित कक्षाओं तथा छात्र-छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं की भी जानकारी दी। इस दौरान अभिभावकों के सवालों का भी जवाब दिया गया। उपस्थित अभिभावकों ने भी अपने सुझाव कॉलेज को दिए। कार्यक्रम की शुरूआत में राजनीति विज्ञान विभाग की डॉ. मीना मालखंडी ने सभी का स्वागत कया और बताया कि लॉकडाउन होने के बावजूद भी कक्षाओं का ऑनलाइन संचालन छात्र-छात्राओं के लिए किया गया। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था आगे भी लागू रहेगी। मौके पर प्रो. इंचार्ज डॉ. संजय प्रसाद, प्रो. संतोष कुमार, डॉ. नीता ओझा, प्रो. नीतू कुमारी समेत काफी संख्या में अभिभावक एवं छात्र उपस्थित थे।

Hindustan

# कक्षाओं में उपस्थिति के साथ लाइब्रेरी, एनसीसी स्पोर्ट्स में भी सहभागिता जरूरी हैः प्रो. पी शेखर

**एजुकेशन रिपोर्टर | धनबाद**

गुरु नानक कॉलेज भूदा कैंपस में रविवार को राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से अभिभावक-शिक्षक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो पी शेखर ने की। उन्होंने कक्षाओं में उपस्थिति, कॉलेज लाइब्रेरी, एनएसएस, एनसीसी, स्पोर्ट्स व सांस्कृतिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय सहभागिता को जरूरी एवं महत्वपूर्ण बताया। मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ मीना मालखंडी, प्रो इंचार्ज डॉ संजय प्रसाद, प्रो संतोष थे।



मिलन समारोह में उपस्थित अभिभावक व छात्र-छात्राएं।

## कोविड-19 के कारण गतिविधियां ऑनलाइन कराई गईं

**धनबाद |** इतिहास विभाग की ओर से भी अभिभावक-शिक्षक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कॉलेज में पठन-पाठन को लेकर अभिभावकों से फीडबैक लिया गया। विभागाध्यक्ष डॉ रंजना दास ने कहा कि वर्ष 2020 में कोविड-19 के बावजूद क्लास, आंतरिक परीक्षा सहित अन्य जरूरी गतिविधियां ऑनलाइन माध्यम से कराई गईं। मौके पर प्रो संतोष कुमार, प्रो अभिषेक सिन्हा, डॉ सरिता मदेसिया, प्रो अर्णव सरखिल, प्रो करुणा थीं।

Dainik Bhaskar


REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA


PARENT - TEACHERS' MEETING
REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA


PARENT - TEACHERS' MEETING
REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA